दर्शन दे दो माँ एक बार

दर्शन दे दो माँ एक बार,
आ जाओ माँ शेरा वाली,
आ जाओ माँ शेरा वाली,
क्यों करती लाचार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

मै सेवक नादान आप का,
भरा हुआ संसार पाप का,
एक पल भी ना पार बसाती,
कोई नहीं यहाँ मेरा साथी,
दिखला अपनी शान निराली,
कर मेरा उद्धार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

जीवन में है घोर अधेरा,
पल पल मुझ को गम ने घेरा,
आचल की छंईया माँ कर दे,
मेरे सर पे हाथ तू धर दे,
दूर हटा ये गम की बदली,
हो कर शेर सवार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

तू है माँ बडी भोली भाली,
भरती सब की झोली खाली,
दया तेरी जो माँ हो जाए,
मेरी भी किसमत जग जाए,
मैने भी तेरी सेवा ठाली,
ले चल परली पार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

कण कण तेरा नूर माँ छाया,
कितना सुन्दर जगत रचाया,
ऋषि देवता सब गुण गाए,
ब्रह्मा विष्णु शिव हरषाए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुरेन्द्र सिंह बन आया सवाली,
खड़ा माँ तेरे द्वार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

दर्शन दे दो माँ एक बार,
आ जाओ माँ शेरा वाली,
आ जाओ माँ शेरा वाली,
क्यों करती लाचार,
दर्शन देदो मां एक बार।bd।

गायक – सुरेन्द्र सिंह निठौरा।
9999641853

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com